हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 22 दिसंबर 2023

04 मांगः शर्मनाक कृत्य के लिए माफी मांगे, अभद्र ...



05 कृषि अधिकारियों को निरीक्षण में फसल में...





### अवैध कॉलोनाइजरों की करतूत, नियमों को दरकिनार कर जिन खेतों में लहलहाती थी फसल, उनमें काटी दीं कॉलोनियां

# कृषि भूमि पर भू-माफियाओं की नजरः लैंडयूज चेंज किए बिना ही माफिया काटते जा रहे अवैध कॉलोनियां

पुराना इंदौर हाईवे, बायपास, इछावर रोड, बरियाखेड़ी, इंदौर नाका, मंडी क्षेत्र और श्यामपुर रोड पर कृषि भूमि का कर रहा कॉमर्शियल बता कर उपयोग। प्रशानिक अधिकारियों को जनकारी होने के बाद भी नहीं कर रहे कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के आसपास बेशकीमती जमीन पर भू-माफियाओं की नजर पड़ गई है। नियम कायदों को ताक पर रखकर वह कृषि भूमि का उपयोग बदले बिना ही कॉलोनियां काटी जा रही हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिन खेतों में दो साल पहले तक फसल लहलहाती थी, उन खेतों में प्लाटिंग शुरू हो गई है। भू_माफिया न सिर्फ किसानों को ठग रहे हैं, बल्कि आम लोगों को सस्ते प्लाटों का लालच देकर उन्हें नुकसान पहुंचा रहे हैं। यह सब जानते हुए भी प्रशासनिक अधिकारी कॉलोनाइजरों पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

जमीनों की खरीद फरोख्त में अवैध रूप से कॉलोनियां काटने वालों के खिलाफ प्रशासनिक स्तर पर चुनाव पहले कार्रवाई शुरू हो गई थी। लेकिन यह कार्रवाई विधानसभा चुनाव के कारण बीच में अटक गई। कार्रवाई नहीं होने से अवैध कॉलोनाईजरों की हौंसले बुलंद हो गए हैं। शहरी क्षेत्र से ज्यादा कॉलोनियां तो ग्रामीण क्षेत्र में काटी जा रही हैं। शहर के वार्ड क्रमांक एक बारियाखेड़ी से इंदौर भोपाल हाईवे के आसपास शेरपुर, तकीपुर, लसूडिया परिहार, थूना, पचामा, थूना खुर्द गांव तक अवैध कॉलोनियों का मकड़जाल फैल गया है। इसी तरह इछावर रोड पर क्रिसेंट आसपास अलाहदाखेड़ी, हसनाबाद ग्राम पंचायत में अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। इसी तरह मंडी क्षेत्र में बिजौरी जोड़ तक कॉलोनाइजर सक्रिय हो गए हैं। जिन खेतों में दो साल पहले तक फसलें लहलहाती थी वर्तमान में उन खेतों में कॉलोनियां काटकर ग्राहकों को लुभाने के लिए सस्ते प्लाट बेचने के बोर्ड लगा दिया गए हैं। हैरानी की बात तो यह है कि कई कॉलोनियों का डायवर्सन तक नहीं कराया गया है। शासन के रिकॉर्ड में जो भूमि कृषि उपयोग के लिए दर्ज है उसका कॉमर्शियल उपयोग होने लगा है। ऐसा कर कॉलोनाइजर शासन राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर वह ग्राहकों को सस्ते प्लाट का लालच देकर उन्हें ठग रहे हैं। बावजूद इसके इनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**खेतों में चूना डाल कर बेच दिए प्लाट :** तहसील कार्यालय से बमुश्किल दो किलोमीटर दूर मंत्री पैट्रोल पंप के पास में खेतों के बीचोंबीच करीब 16 एकड़ में कॉलोनी काट दी है। भविष्य में जब इस कॉलोनी में लोग बस जाएंगे तो मूलभूत सुविधाओं का इंतजाम शासन को कराना पड़ेगा। जबकि नियमानुसार पानी, बिजली, सड़क, पार्क, मंदिर सहित अन्य सुविधाओं का विस्तार कॉलोनाइजरों का करना पड़ता है। लेकिन वह ग्राहकों को लालच देकर प्लाट बेच देते हैं और बाद में अपने वादे से मुकर जाते हैं, जिससे आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसलिए ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है।



मुरली रोड अंडर ब्रिज के पास कटी कॉलोनी



ऑक्सफोर्ड स्कूल के पास कटी कॉलोनी

### एफआईआर और डायवर्सन शुल्क की होना चाहिए वसूली

प्रशासन ने बीते साल अवैध कॉलोनी काटने वालों पर धोखाधड़ी का मामले दर्ज कराने तैयारी कर ली थी। आष्टा और नसरुल्लागंज में कार्रवाई हुई थी। ठीक उसी तरह शहर और ग्रामीक्ष क्षेत्रों में कॉलोनी काटने वालों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। क्योंकि शरह के बाहर ग्रामीण क्षेत्र में कृषि भूमि का उपयोग बदलवाए बिना ही सैकड़ों एकड़ में कॉलोनियां काट दी गई हैं। इससे शासन को राजस्व का तगड़ा नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कॉलोनाइजरों से तय डायवर्सन शुल्क की वसूली भी होनी चाहिए।

### धोखाधड़ी कराया जाएगा मामला दर्ज

अवैध कॉलोनी काटने वालों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर ली गई है। अवैध कॉलोनी काटने वालों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

**नितिन कुमार टाले,** एसडीएम, सीहोर

## खबर संक्षेप

### पंचायतों के उप निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण कराने के निर्देश

**सीहोर।** त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2023 (उत्तरार्द्ध) के लिये निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। उप निर्वाचन के लिये विभिन्न कार्यों में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपेक्षा अनुरूप कार्य करने के लिये प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने संबंधित कलेक्टर्स को दिये हैं। श्री सिंह ने कहा है कि जिले में ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी तथा मास्टर ट्रेनर्स (प्रशिक्षण) की नियुक्ति कर निर्वाचन के विभिन्न कार्यों का प्रशिक्षण करवाकर कार्य संपादित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि प्रशिक्षण में नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुति, संवीक्षा एवं प्रतीक आवंटन, ईव्हीएम की कार्यप्रणाली एवं सीलिंग, मतदान दलों को सामग्री वितरण/वापसी मतदान दिवस की व्यवस्था, मतगणना की प्रक्रिया एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा से संबंधित विषय शामिल किये जायें।

### दिव्यांगों को बस किराये में 50 प्रतिशत छूट

**सीहोर।** राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी। परिवहन आयुक्त द्वारा प्रदेश के सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनीक डिसऐबिलिटीज आई.डी. कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें। केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा यूनीक आई.डी. फॉर पर्सन विद डिसऐबिलिटीज (यूडीआईडी) प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे हैं।

## किसानों के ड्रोन खरीदने पर शासन देगा अनुदान!

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कलेक्टर ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शासन द्वारा किसानों को आधुनिक खेती से जोडऩे के उद्देश्य से ड्रोन की मदद खेती में किस प्रकार उपयोगी हो सकेगी, इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जगह-जगह किसानों के समक्ष ड्रोन का प्रदर्शन कर ड्रोन पायलेटिंग के प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित जा रहा है। गुरूवार को लोधाखेड़ी पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की उपस्थिति में लगभग 100 किसानों के समक्ष ड्रोन का संचालन एवं प्रदर्शन कर किसानों को बताया कि ड्रोन की सहायता से कृषि कार्य को और भी सरलता से कैसे किया जा सकता है। ड्रोन के माध्यम से फसलों पर कीटनाशकों का छिडक़ाव, फसल स्वास्थ्य की जानकारी, नैनो तरल यूरिया का छिड़काव, मिट्टी की जानकारी आदि आसान हो गया है। यह हानिकारक रसायनों से मानव संपर्क को भी सीमित करता है। कृषि ड्रोन इस कार्य को पारंपरिक तरीके की तुलना में बहुत तेजी और बेहतर तरीके से अंजाम दे सकता है। उप संचालक कृषि विजय चौरासिया ने किसानों को ड्रोन अनुदान की जानकारी देते हुए बताया कि कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय की वेबसाइट पर आवेदन कर ड्रोन अनुदान प्राप्त किया जा सकता है। कृषकों को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा तथा पायलट लायसेंस प्राप्त करने के उपरांत 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषक ड्रोन क्रय कर सकेंगे।



## भारतीय भाषा उत्सव के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में भाषाई दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। डॉ जितेन्द्र चावरे सोशल मीडिया प्रभारी ने बताया कि संस्थान के विद्यार्थियों की भागीदारी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं । इसके अंतर्गत ₹मेरी मातृभाषा में मेरा हस्ताक्षर अभियान₹ के अंतर्गत बहुभाषी सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल, मनोरंजन गतिविधियां, वाद-विवाद इत्यादि शामिल है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जेनुल आब्दीन अजमेरी द्वारा छात्रों को भाषाई विविधता एकता और गौरव की भावना का अनुभव करने पर व्याख्यान दिया गया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा भजन एवं लोकगीत प्रस्तुत किये गये। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी एल रावल द्वारा मातृभाषा के ऐतिहासिक महत्व और उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ गीतेश कुमार डावर द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों एवं उपस्थित समस्त स्टाफ का आभार माना।

## नलखेड़ा तहसील में ई-केवाईसी के लिए चलाया जा रहा है अभियान

### ग्रामीणों का डोर-टू-डोर पटवारी कर रहे हैं ई-केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

ग्रामीणों को अब ई- केवाईसी के लिए चक्कर नहीं लगाने पड़ेगे, क्योंकि भारत विकास कार्यक्रम के तहत ग्राम में ही पटवारी द्वारा उनके घर पहुंच कर उनकी ई -केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। नलखेड़ा तहसीलदार प्रीति भींसे ने बताया कि नलखेड़ा तहसील में 2 हजार से अधिक ग्रामीणों के ई - केवाईसी होना बाकी है। इसके लिए 20 दिसंबर से तीन दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत भारत विकास कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की ई- केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। नलखेड़ा तहसील के सभी ग्रामों में संबंधित हल्का पटवारी द्वारा डोर टू डोर पहुंचकर ग्रामीणों का ई - केवाईसी कार्य उनके घर पर ही किया जा रहा है। ग्रामीणजन भी खासकर वृद्धावस्था में पहुंच गए ग्रामीण इस कार्य से बहुत खुश दिखाई दे रहे हैं कि अब उन्हें इधर-उधर ई-केवाईसी के लिए चक्कर नहीं लगाना पड़ेंगे। तहसीलदार ने बताया कि वह ग्रामीण जो बैंकों के कारण या अन्य किसी कारण से अपना ई-केवाईसी नहीं करवा पाए थे। वहां भी जागरूक होकर इस अभियान का लाभ उठाते हुए अपना ई- केवाईसी घर बैठे ही करवा लें।



## अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर निकाली जा रही प्रभात फेरी




**नलखेड़ा।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में निर्माणाधीन भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में आगामी 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर नगर में प्रतिदिन प्रभातफेरी निकाली जा रही है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व नगर में विभिन्न धार्मिक आयोजन चल रहे है। इसी के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 6 बजे से नगर के अलग अलग मोहल्लों से प्रभातफेरी निकाली जा रही है। प्रभातफेरी में शामिल भक्त भजन गाते चल रहे है। प्रभातफेरी चौक बाजार पहुंचती है जहां से गणेश चौराहा, सरदार पटेल चौराहा होते हुए लखुंदर नदी के किनारे स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर पहुंचती है। जहां हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है।

### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## विकसित भारत विजन-2047 पर विचार संगोष्ठी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में विकसित भारत विजन 2047 पर गुरुवार को विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ .जी.एल.रावल ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों एवं परामर्श , विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रोजगार सृजन, युवा नीति आदि महत्वपूर्ण विषय को विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा युवाओं को योजना के विजन पर प्रकाश डाला गया। सभी प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन गूगल फॉर्म जमा कर शपथ दिलाई गई तथा प्रमाण पत्र भी डाऊनलोड करवाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम में 110 से अधिक छात्रों ने किया योगाभ्यास

## 'योग विद्या भारत की विश्व को देन, योग के बिना जीवन अपूर्ण'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला योग समिति अध्यक्ष गोविन्द वेदिया ने उद्बोधन में कहा कि योग विद्या भारत की विश्व को देन है। योग के बिना जीवन अपूर्ण है। योग विद्या भगवान शंकर पतंजलि आदि से होती हुई हमारे ऋषि मुनियों द्वारा हम तक पहुंची है। आज बाबा रामदेव, आर्य समाज,विद्या भारती, गायत्री परिवार जैसे कई संगठन योग को जन जन तक पहुंचा रहे हैं। मध्यप्रदेश शासन ने भी सभी स्कूलों में योग को अनिवार्य विषय के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल किया है। प्रत्येक हाई स्कूल तथा हायर सेकंडरी स्कूल में योग क्लब का गठन कर साप्ताहिक कार्यक्रम भी तय किया है। विशेष अतिथि के रूप में जिला योग प्रभारी डॉ दशरथ मसानिया ने भी स्वयं योग करके बच्चों व शिक्षको को मार्गदर्शन दिया। शिक्षक वल्लभ पाटीदार,योग क्लब प्रभारी भागीरथ मालवीय एवं वरिष्ठ शिक्षक राधेश्याम कुल्मी के निर्देशन में बच्चों को योग, प्राणायाम तथा ध्यान का भी अभ्यास कराया। आसन में मुख्य रूप से वृक्षासन ,वीरभद्रासन, ताड़ासन, पद्मासन,जानू शिरासन, पश्चिमोत्तासन, उष्ट्रासन,चक्रासन, शशकासन,मण्डूकासन कुर्सी आसन एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया और प्राणायाम भी सिखाए। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक उपस्थित थे। छात्र प्रमोद प्रजापति, आकाश सूर्यवंशी, मुजमबी, कृष्णा कुंभकार आदि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 110 से अधिक छात्रो ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन महेश पाटीदार ने एवं संस्था प्रभारी अजय सोगानी ने आभार व्यक्त किया।





## खबर संक्षेप

### भरत व्यास एलआईसी के इंदौर रत्न अवार्ड से सम्मानित



**देवास।** भारतीय जीवन बीमा निगम की देवास शाखा क्रमांक 2 के अभिकर्ता भरत व्यास को गत दिवस इंदौर में आयोजित इंदौर महारथी महासम्मेलन में सम्मानित किया गया। एलआईसी के इंदौर मंडल द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन थी एवं अध्यक्षता प्रभात कुमार साहू मंडल प्रबंधक ने की। कार्यक्रम में इंदौर मंडल में उत्कृष्ट कार्य के लिए अभिकर्ता भरत व्यास को इंदौर रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। व्यास की इस उपलब्धि पर स्नेहीजनों व साथी अभिकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की।

### निलंबन के विरोध में शहर व ग्रामीण कांग्रेस का संयुक्त धरना आज

**देवास।** प्रजातंत्र की आवाज को दबाने का काम लगातार केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा किया जा रहा है दोनों सदनों के करीब 142 सांसदों को निलंबित किया जा चुका है। प्रजातंत्र में आवाज दबाने को लेकर यह सबसे बड़ी कार्यवाही लोगों के द्वारा चुने उन सांसदों के खिलाफ की गई है जो जनता की आवाज है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी व प्रवक्ता सुधीर शर्मा ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा किए गए इस कृत्य के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज दिनांक 22 दिसंबर 2023 शुक्रवार को मंडूक पुष्कर पर शहर कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस ग्रामीण के संयुक्त तत्वाधान में सुबह 11 से 1 बजे तक धरना दिया जाएगा। देवास जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष अशोक पटेल ने जिले के समस्त कांग्रेस जनों से एवं श्री राजानी ने शहर कांग्रेस के समस्त वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारी यो विभिन्न मोर्चा संगठन के अध्यक्ष पदाधिकारीयो एवं कार्यकर्ताओं से अपील कि है की वे धरना कार्यक्रम में आवश्यक रूप से उपस्थित थे।

## मिमिक्री मामले में भाजपा ने फूंका राहुल गांधी और टीएमसी सांसद का पुतला

# मांगः शर्मनाक कृत्य के लिए माफी मांगे, अभद्र टिप्पणी और अपमान करने का लगाया आरोप

स्थानीय सयाजी द्वार पर कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल,जिला महामंत्री पंकज वर्मा,देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव समेत कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारतीय संसद से बीते सोमवार को विपक्ष के सांसदों के निलंबन से उठा तूफ़ान थमने का नाम नहीं ले रहा है। संसद के अंदर शुरू हुआ ये विवाद संसद भवन के बाहर विपक्षी सांसदों की ओर से किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के रूप में जारी है। लेकिन इस दौरान टीएमसी के एक सांसद ने कुछ ऐसा किया जिसकी वजह से उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विपक्षी सांसदों को एक बार फिर फटकार लगाई है।उपराष्ट्रपति धनखड़ की ओर से दी गई इस प्रतिक्रिया की वजह टीएमसी सांसद की ओर से संसद भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान उनकी नकल उतारा जाना है। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी एक वीडियो के दौरान उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतारते दिख रहे हैं. इस मौके पर विपक्षी दलों के तमाम सांसद भी मौजूद थे।इसके साथ ही वीडियो में राहुल गांधी इस घटना को अपने फोन में रिकॉर्ड करते देखे जा सकते हैं।

इस घटना को लेकर देशभर में बीजेपी के कार्यकर्ता विरोध स्वरूप पुतला दहन और प्रदर्शन कर रहे है।कांग्रेस और घमंडी गठबंधन के लोगों ने जिस तरह से संसद में हंगामा किया, और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मखौल उड़ाया, यह सिर्फ राज्यसभा के सभापति का अपमान नहीं है, बल्कि यह देश की 140 करोड़ जनता का अपमान है। यह विदेशों में बसे लाखों भारतीयों का भी अपमान है और इस घटना से पूरा देश आंदोलित है। अपने इस शर्मनाक कृत्य के लिए राहुल गांधी और सोनिया गांधी को देश की जनता से सार्वजनिक रूप से मांफी मांगनी चाहिए। उक्त बात भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ने राजीव खण्डेलवाल ने विरोध प्रदर्शन के दौरान कही। देवास विकास प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव के नेतृत्व में सयाजी द्वार पर टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी का पुतला दहन किया गया। खंडेलवाल ने कहा कि उपराष्ट्रपति के अपमान की इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में भले ही घमंडी गठबंधन के नेता भी शामिल रहे हों, लेकिन कांग्रेस पार्टी इस पूरे मामले में अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। उप राष्ट्रपति की मिमिक्री भले ही टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने की हो, जो कैमरे के सामने एक महिला विधायक के गाल खींचकर अभद्रता करने में संकोच नहीं करते। लेकिन अपने ठहाकों और तालियों से उत्साहवर्धन करने वाले अन्य दलों के सांसद भी इसमें सहभागी रहे हैं। खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस वोट की राजनीति को देखते हुए पिछड़ा वर्ग का हितैषी होने का ढोंग करती है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भी कांग्रेस ने ओबीसी के हितों की बात की थी, लेकिन इस घटना ने यह साबित कर दिया है कि कांग्रेस पिछड़े वर्ग का सम्मान नहीं करती। खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी अभी तक झूठ, छल, कपट की राजनीति करते रहे हैं, लेकिन अब ओबीसी का अपमान करना भी उनके राजनीतिक एजेंडे में शामिल हो गया है। इस



अवसर परजिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बहादुर मुकाती, रायसिंह सेंधव, ओम जोशी,मनोहर जाधव, मनीष सोलंकी, पंकज वर्मा, सचिन जोशी, संजय दायमा, मनोहर सिंह पवार, तनय चौधरी, अनिल चावड़ा, ईश्वर परासिया, आलोक साहू, भूपेश ठाकुर, प्रवीण वर्मा, संजय ठाकुर, मनीष दागी, अजय पंडित, परवेज विनर, बाबू यादव, साजित पठान, पुष्पलता सोनगरा, रितु सवनेर, माया तिवारी, मीना भावलकर, मनोज डोडिया, राजू पहाड़यिा, मनोज गर्ग, रोहित शर्मा, शुभम जादव, अभिजीत सुसनेरिया, अभिराज चौहान, रामेश्वर धाकड सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## विभाग की उदासीनता का खामियाजा भोग रहे किसान

### जंगली जानवर फसल कर रहे बर्बाद



**चापड़ा।** जंगली जानवर इस तरह फसलों को कर रहे बर्बाद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

उपवन मंडल बागली के अंतर्गत ग्राम भमोरी के किसान काफी परेशान है। बार-बार शिकायत करने के बाद भी वन विभाग के अधिकारी इस और ध्यान देना उचित नहीं समझ रहे हैं। भमोरी के किसानों की कृषि भूमि के आसपास जंगल लगा हुआ है। जिसमें बड़ी संख्या में वन प्राणी रहते हैं। ऐसे में जंगली जानवर किसानों के खेतों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिसको लेकर किसानों ने कई बार वन विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन किसी ने भी इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझा। किसान गोवर्धन पाटीदार ने बताया कि इस बार 16 रु प्रति किलो का बीज लगाया। वहीं खाद, हकाई,बखराई ,बुवाई, गोबरी खाद ,सिचाई समेत प्रति बीघा 16000 रु का खर्च आया।आलू की फसल का दो माह का होने के साथ ही आलू बनने लगे थे। तभी भमोरी एवं आसपास के क्षेत्र में जंगली सूअर , हिरण ,रोजडे के आतंक से कई किसानों की आलु फसल बर्बाद हो गई। वही दिनेश मंडलोई ने बताया कि मेरी दो बिघा की फसल सुअरो ने खोद दी। इससे मुझे करीब 35000 रु का नुकसान हुआ। किसान संतोष पाटीदार और राजेश पाटीदार ने बताया कि हमारे यहां आलु की फसल सूअरों ने बर्बाद कर दी। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष हुकम पटेल ने बताया कि हाटपिपल्या एवं बागली के आसपास के क्षेत्रों में जंगली सूअर, हिरण, एवं रोजडो से किसान काफी परेशान है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। समय रहते यदि वन विभाग ने हमारी नहीं सुनी तो आने वाले समय में भारतीय किसान संघ जिला मुख्यालय पर बडा आंदोलन करेंगे।

**करेंगे चर्चा**

कलेक्टर से चर्चा कर जैसा भी होगा हम इसका विकल्प ढुंढेगे। किसान भाई मेड़ों पर फोरेट नामक दवाई डाल दें, तो जंगली जानवर खेत में नहीं आएंगे।

**अमित सोलंकी,** एसडीओ बागली

### जनभागीदारी समिति अध्यक्ष ने किया महाविद्यालय का निरीक्षण, नेक के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश



**देवास।** श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय अग्रणी महाविद्यालय देवास की भागीदारी समिति के अध्यक्ष मनीष पारीक ने महाविद्यालय का निरीक्षण किया। पारीक ने महाविद्यालय के शिक्षक एवं शैक्षणिक अधिकारी और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि शासन की योजनाओं का शत प्रतिशत विद्यार्थियों को लाभ पहुंचाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की कक्षाएं समय पर लगे तथा उन्हें सॉफ्ट कॉपी के माध्यम से भी को नोट्स दे। पारीक ने महाविद्यालय में होने वाले आगामी नेक के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की और बताया कि हम सबको मिलकर महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयत्न करना है एवं नेक में अच्छी से अच्छी ग्रेड प्राप्त करने के लिए हम सभी कृत संकल्पित हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत चल रही वर्कशॉप में भी विद्यार्थियों से चर्चा की और उन्हें करियर के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि नयन कानूनगो, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रतन सिंह अनारे समिति संयोजक डॉ आरके मराठा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### सेन थॉम एकेडमी क्रिसमस के रंगों से सजी




**देवास।** सेन थॉम एकेडमी में गुरुवार का दिन एक उत्सव का दिन था,क्योंकि स्कूल ने क्रिसमस को बहुत खुशी और आनंद के साथ मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इंदौर के मारथोमा विद्यालय के वरिष्ठ प्राचार्य रेव टॉम्स निनान थे।कार्यक्रम में मनमोहक कैरोल और कई शानदार नृत्य प्रस्तुतियां शामिल थीं। कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र एक नाटिका थी। जिसके माध्यम से जन्म दृश्य प्रदर्शित किया गया था। फादर टॉम्स निनान ने छात्रों को क्रिसमस का वास्तविक अर्थ समझाकर ज्ञानवर्धन किया। विद्यालय की जीवंत सजावट ने इस दिन को सभी के लिए अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन अक्षरा गौड़ और इविका मीना ने किया। आभार प्रकट प्रगति तांबे ने किया।

## खिलाड़ी सच्ची खेल भावना से खेले तो निश्चित ही सफल होंगेः चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मध्यप्रदेश सॉफ्टटेनिस संघ के सचिव विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते ने बताया कि सॉफ्टटेनिस के पितृपुरूष स्व.जे.के. खुरादरा (पूर्व महासचिव भारतीय सॉफ्टटेनिस महासंघ, अहमदाबाद) की स्मृति में मध्यप्रदेश संघ द्वारा प्रथम राज्य स्तरीय सॉफ्टटेनिस 12,14,18 वर्ष व सीनियर चौंपियनशिप का आयोजन 21 से 23 दिसंबर 2023 तक पायोनियर पब्लिक स्कूल में किया जा रहा हैं। चौंपियनशिप का शुभारंभ जिला सॉफ्टटेनिस संघ के अध्यक्ष महेश चौहान के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। अपने सम्बोधन में कहा भारत मे सॉफ्टटेनिस खेल को आज ऊँचाई मिली है, उसमें जे के सर का अहम योगदान है।बस खिलाड़ी सच्ची भावना से खेलेंगे तो निश्चित ही सफल होंगे। इस अवसर पर हेमेन्द्र निगम, एस एन नामदेव, मनीष जायसवाल, विजय वर्मा, सुनील चौधरी, विपुल चौहान, राजेन्द्र विजवर्गीय, तरूण परमार आदि उपस्थित थे। चैम्पियनशिप में प्रदेश के विभिन्न जिलों इंदौर, उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, देवास आदि जिलों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रीति पवार ने किया। आभार राष्ट्रीय सॉफ्टटेनिस कोच गौरव कदम ने माना।

## विकसित भारत आइडिया पोर्टल 2047 पर परिचर्चा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को विकसित भारत आइडिया पोर्टल 2047 के अंतर्गत सुशासन एवं शासन पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. भारतसिंह गोयल के मार्गदर्शन में परिचर्चा आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. अनीता भाना प्राध्यापक गृह विज्ञान द्वारा व्याख्यान दिया गया।

छात्राओं को सम्बोधित करते हुए डॉ. भाना ने कहा कि विकसित भारत में सुशासन एवं सुरक्षा महत्वपूर्ण हैं देश का प्रत्येक नागरिक अगर सुशासित होकर अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करता है तो देश शीघ्र ही विकसित हो सकता हैं देश की सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को प्रयत्न करना होंगे। सुरक्षित एवं सुशासित देश ही विकसित हो सकता है। यह सत्य बात है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. वंदना मिश्रा, प्रो. चारूशिला भोसले, डॉ. उज्जवला बाबर, डॉ. जी.डी.सोनी आदि प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शर्मिला कांटे ने किया एवं उक्त जानकारी कार्यक्रम प्रभारी डॉ. प्रमोद परिहार हिन्दी विभाग ने दी। विज्ञान महाविद्यालय में भी हुई परिचर्चा स्व. तुकोजीराव पवार विज्ञान महाविद्यालय देवास में विकसित भारत 2047 आइडिया पोर्टल विषय पर बुधवार को परिचर्चा का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ गिरीश शिव के द्वारा विकसित भारत 2047 के परिप्रेक्ष्य में कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं जानकारियां छात्र-छात्राओं को दी गई एवं महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ मंजू व्यास द्वारा विकसित भारत पोर्टल पर अपने विचारों की अभिव्यक्ति के महत्व को समझाते हुए उसकी उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही इसको सोशल मीडिया पर टैग कर सभी तक इस जानकारी को पहुंचाने को भी कहा गया। इसमें विशेष सहयोग महाविद्यालय की अंग्रेजी विभाग की प्रोफेसर डॉ उषा गौड़ का रहा। आयोजित हुए कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी स्टाफ एवं छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ कर हिस्सा लिया इसी के साथ ही विकसित भारत पर अपने अभिमत दर्ज किए।

## निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में हितग्राहियों को मिल रहा कई जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

# जिले में आज 12 ग्रामों में आयोजित होंगे स्वास्थ्य शिविर, जांचेंगे ग्रामीणों की सेहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक सुलभ रूप से पहुंचाने तथा योजनाओं की जानकारी देने के लिये जिले में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार चल रही है। गांव-गांव तक यात्रा जाकर आम नागरिकों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के साथ ही उन्हें लाभ लेने के लिये प्रेरित भी किया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रमों में लाभार्थी हितग्राहियों ने उन्हें मिले लाभ की जानकारी ₹मेरी कहानी मेरी जुबानी₹ के रूप में सभी को सुना रहे है। ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' अंतर्गत आयोजित शिविरों में नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है। स्वच्छता के संबंध में जानकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्वला योजना के तहत दिये जा रहे लाभ सहित अन्य योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है।आज आयोजित होंगे स्वास्थ्य शिविर जिले में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के दौरान प्रतिदिन स्वास्थ्य शिविर में माध्यम से विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाये नागरिकों को प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में 22 दिसम्बर शुक्रवार को जिले में 12 ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जायेंगे। जिसमें विकासखण्ड देवास के ग्राम रामगढ जंगली और मांगरोला, विकासखण्ड बागली के ग्राम सादीपुरा और डेहरियासाहू, विकासखण्ड कन्नौद के ग्राम नन्दन और हटलाय, विकासखण्ड खातेगांव के ग्राम, कांजीपुरा और उमरिया, विकासखण्ड सोनकच्छ के ग्राम फावडा और धतुरिया राम, विकासखण्ड टोंकखुर्द के ग्राम भीलखेड़ी और गुराड़यिा सूरदास में स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे। अधिक से अधिक पात्र हितग्राही स्वास्थ्य शिविर का ले। सीएमएचओ डॉ विष्णुलता उईके ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टी.बी. रोग के लक्षण, रोकथाम, उपचार, निदान एवं जन समुदाय में व्याप्त भ्रांतियों संबंधी आई.ई.सी. सामग्री का प्रचार-प्रसार और वितरण किया जा रहा है। साथ ही प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ऑन स्पॉट सर्विसेस में निःक्षय मित्र का रजिस्ट्रेशन, क्षय रोगियों से सहमति प्राप्त करना, टी.बी. लक्षणों की ऑन स्पॉट स्क्रीनिंग, निःक्षय पोषण योजना के अंतर्गत, फुट बास्केट का वितरण, लंबित बैंक/पोस्ट ऑफिस खातों के लम्बित प्रकरणों का निराकरण करना, क्षय रोगियों की जांच किये जाने के लिए सेम्पल एकत्रित कर जांच की जा रही। स्वास्थ्य शिविर में आरोग्य साथी एप डाउलोड़ कराया जाकर जन जागरूकता, आभा आईडी का निर्माण, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।

### ग्राम पंचायतो में हो रहे आयोजन

**बागली।** विकसित भारत संकल्प यात्रा लगातार शासन की योजनाओं को लेकर आम जनता के बीच पहुंच रही है। जिसके दौरान जनपद पंचायत की ग्राम पंचायतो में कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। यात्रा ग्राम पंचायत अंबापानी, सेवन्याखुर्द ,बरझाई, गुवाड़ी,धावडिया में पहुंची। जहां पर संकल्प यात्रा के दौरान कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें सभी विभाग के द्वारा स्टाल लगाकर शासन की योजनाओ के बारे में आम जनता को जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भी लिए गए। यात्रा के माध्यम से आयुष्मान योजना, उज्वला योजना सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में आम जनता को जानकारी दी जा रही है, साथी अधिकारियों द्वारा भी इस यात्रा के उद्देश्य को बताया जा रहा है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव, अशोक पटेल, मंडल उपाध्यक्ष चंदन नटेरिया, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवन राठौर, पूर्व पार्षद शंकर भंवरा, सांसद प्रतिनिधि किशोर गुजराती, पार्षद अमित धूलिये, सरपंच विरामसिंह, सरपंच प्रतिनिधि रामप्रसाद चौहान, सरपंच मांगीलाल बछानिया, अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष भगवान सिंह कासलीवाल, सहायक सचिव नवीन तंवर,सरपंच प्रतिनिधि गोविंद बैरागी सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विधायक से रविवार को मिलेगे समाजन

**आष्टा।** सकल मालवीय बलाई समाज आष्टा और जावर तहसील क्षेत्र के द्वारा समाज के युवा संगठन अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज युवा संगठन इकाई आष्टा जावर दोनों के संयुक्त में 24 दिसंबर दिन रविवार को स्थान अंबेडकर भवन थाने के सामने मालवीय नगर में ,समय प्रातः 11 शुरू होगा जिसमें ,समाज के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के सम्मान में उनके स्वागत सत्कार का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया है । विधायक श्री इंजीनियर का मालवीय बलाई समाज एवं युवा संगठन द्वारा सम्मान किया जाएगा। अशोक कुमार कट्टी संगठन मीडिया प्रभारी ने समाज के सभी गणमान्य नागरिको से अपील की है कि समय पर कार्यक्रम में उपस्थित हो।

### सन्नी महाजन ने किया खिलाड़ी का सम्मान

**सीहोर।** सीहोर एकेडमी के खिलाड़ी समर्थ बिरले जो की 8 से 10 दिसंबर को भोपाल जिले में हुई राज्य स्तरीय जु जित्सु चैंपियनशिप जीत कर आए है। जिसमे समर्थ ने सिल्वर मेडल हासिल किया। समाज सेवी गौरव सन्नी महाजन द्वारा खिलाड़ी का सम्मान कर प्रोत्साहित किया। खिलाड़ी महाजन ने बताया कि हमारे जिले में ऐसे और भी कई सारे प्रतिभावान खिलाड़ी है।

### खेतों में इल्ली के प्रकोप से किसान हो रहे परेशान

# कृषि अधिकारियों को निरीक्षण में फसल में मिला कीट, अन्नदाताओं को दी सलाह

कृषि विभाग के एसएडीओ ने फसलों का निरीक्षण किया। किलेरामा, चाचरसी, ताजपुरा गांव का दौरा किया। यहां गेहूं, चना, मसूर सहित अन्य फसल में कीट, इल्ली का प्रकोप मिला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मौसम में हो रहे परिवर्तन से इस साल गेहूं, चना, मसूर सहित अन्य फसल में कीट, इल्ली प्रकोप हावी होता जा रहा है। कीट, इल्ली फसल को नुकसान पहुंचा रहे है। आष्टा कृषि विभाग के एसएडीओ के फसल के किए निरीक्षण में भी यह प्रकोप सामने आया है। इससे फसल को बचाने सलाह दी गई है। वहीं चेतावनी दी कि कीट, इल्ली का शुरूआती दौर है और यदि इसे दवा छिड़काव कर कंट्रोल नहीं किया, तो नुकसान ज्यादा होगा।

आष्टा कृषि विभाग के एसएडीओ बीएस मेवाड़ा ने किलेरामा, चाचरसी, ताजपुरा गांव का दौरा किया। यहां गेहूं, चना, मसूर सहित अन्य फसल में कीट, इल्ली का प्रकोप मिला। कीट, इल्ली फसल के पत्ते, फूल को चट कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। कृषि अधिकारियों ने किसानों से कहा कि दवा छिड़काव कर इस पर कंट्रोल किया जा सकता है। यदि इसमें अनदेखी कि तो प्रकोप ज्यादा बढ़ेगा और फसल को ज्यादा नुकसान होगा। बता दें कि दो दिन पहले अधिकारियों ने टिटोरिया, खामखेड़ा, मैना, सेवदा, पटारिया गांव का दौरा किया था, जहां भी यही स्थिति मिली थी।



#### 90 हजार से ज्यादा है रकबा

कृषि विभाग के अनुसार, आष्टा क्षेत्र में 90 हजार हेक्टेयर से ज्यादा रबी का रकबा है। इसमें सबसे ज्यादा रकबे में गेहूं, दूसरे नंबर पर चना और तीसरे पर मसूर है। क्षेत्र में बोवनी कार्य से अधिकांश किसान फुरसत हो गए हैं। किसान अब फसल में सिंचाई करने में जुटे हैं। फसल में कीट, इल्ली प्रकोप होने से किसानों के सामने नया संकट खड़ा हो गया। किसानों ने बताया कि प्राकृतिक आपदा उनका पीछा छोड़ने का नाम नहीं ले रही है।

#### फसल को बचाने की किसानों को सलाह

इस संबंध में बीएस मेवाड़ा, एसएडीओ कृषि विभाग आष्टा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों का निरंतर दौरा किया जा रहा है। इस दौरान गेहूं, चना, मसूर सहित अन्य फसल में कीट, इल्ली प्रकोप देखा जा रहा है। इससे फसल को बचाने किसानों को सलाह दी जा रही है।

# चार दिन से 9 डिग्री पर अटका रात का पारा

### उत्तरी हवा ने बढ़ाई सर्दी



**आष्टा।** अलाव जलाकर तापते हुए लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पहाड़ों में हुई बर्फबारी और वहां से टकराकर आने वाली उत्तरी हवा के चलते नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ठिठुराने वाली सर्दी शुरू हो चुकी है।मंगलवार को अलसुबह से सर्द हवा चली।आज भी बादल छाए रहे। शीतलहर से अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान चार दिन से 9 डिग्री सेल्सियस पर अटका हुआ है। हालांकि दिन में कुछ देर तेज धूप अवश्य निकली, लेकिन सर्द हवाओं के कारण लोगों ने ठंडक का अहसास किया। वहीं सुबह और शाम को कई क्षेत्रों में धुंध छाई रही। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार उत्तरी हवा आने के कारण मौसम पर असर पड़ रहा है। अगले कुछ दिनों में तेज गर्मी भी शुरू हो जाएगी। सुबह के समय हल्का कोहरा भी छा सकता है। लोगों ने अलाव जलाकर ठंड से राहत पाई।

#### 24 घंटे में 2 डिग्री लुढ़का दिन का पारा

सुबह से ही खिली धूप निकली थी। लेकिन सर्द हवा चलने के कारण लोगों ने ठिठुरन का अहसास किया है। पिछले दिन की तुलना में अधिकतम तापमान 2 डिग्री गिरावट के साथ 23.6 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 1.2 डिग्री कम रहा। 11 दिन बाद अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे आया है। वहीं न्यूनतम तापमान स्थिर रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में और गिरावट की संभावना है।

# कृषि उपज मंडी में आवक सिमटी लहसुन-प्याज के भाव हुए कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्थानीय कृषि उपज मंडी में सीजन के दौरान पैर रखने की जगह नहीं रहती थी तथा मंडी के आगे और पिछले भाग में ट्रैक्टर -ट्रालियों की भरमार लगी रहती थी, लेकिन इस माह में आवक इतनी कम हो रही है कि एक तरफ जहां व्यापारी चिंतित है ,वहीं दूसरी और नगर का व्यापार-व्यवसाय भी कम आवक के कारण प्रभावित हो रहा है।

इसी के साथ ही रही सही कसर लहसुन- प्याज के दामों ने भी पूरी कर दी है। दोनों के दाम काफी कम हो गए हैं। कृषि उपज मंडी की आवक से ही नगर का व्यापार-व्यवसाय चलता है और इस माह में आवक इतनी कम हो रही है कि नगर का पूरा व्यापार चौपट नजर आ रहा है। सीजन में यह स्थिति सभी के लिए चिंता कारण है। सोमवार को आवक आवक11485 क्विंटल की रही। मंडी में गेहूं सुजाता 3115-4270,गेहूं लोकवन 2600-3100, गेहूं पूर्णा 2400-3401,गेहूं मालवराज 2300-2485, गेहूं मिल क्वालिटी 2335-2550, चना कांटा 4411-5690,चना मौसमी 4952-5461,चना सफेद 5200-12580,चना काटकू 4770-11700, सोयाबीन 2000-5302,मसूर 5200-5741, मक्का 2026-2170, बटला 2600-2760, अलसी 4312 रुपए क्विंटल नीलाम हुए। प्याज 300 से 3110 एवं लहसुन 7010 से 19000 रुपए क्विंटल नीलाम हुई।



**आष्टा।** मंडी में धीरे-धीरे कम होने लगी आवक।

### ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर पहुंचाए जा रहे अक्षत




**जावर।** सिर पर कलश लेकर यात्रा में शामिल हुए क्षेत्र के नागरिक राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले देश भर में उत्सव का माहौल है इस बीच अक्षत कलश गांव गांव पहुंच रहा है। इस दौरान प्रमुख संगठनों द्वारा अयोध्या से आए कलश का पूजन अर्चन किया गया। जावर खंड में भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या से आए अक्षत कलश को जावर खंड के प्रत्येक मंडल तक पहुंचाने के लिए एक आयोजन कर अक्षत कलश को प्रत्येक मंडल के कार्यकर्ताओं वह नगर के मोहल्ला प्रमुख को सोफे गए। जिसमें विहिप के पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह अक्षत कलश अयोध्या से आए हैं। अब यह अक्षत कलश घर-घर बांटे जाएंगे इसका उद्देश्य हर एक व्यक्ति को राम मंदिर जाने के लिए निमंत्रण देना है।

# क्रिसमस पर्व की हो रही तैयारियां चर्च में होने लगी आकर्षक सजावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ईसाई समाज ने क्रिसमस की तैयारियां शुरू कर दी हैं। सेंट पॉल चर्च, गिरजाघर सहित नगर की सभी चर्चो में सजावट शुरू कर दी गई है। लोगों ने घरों के बाहर तारा लगाने के साथ-क्रिसमस ट्री भी सजाना शुरू कर दिया है। पुष्पा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रभु यीशु की जन्मस्थली को शानदार तरीके से सजाया गया है। क्रिसमस पर सभी ईसाई समुदाय अपने घरों को साफ-सफाई एवं सजावट में व्यस्त हैं। चर्च में सजावट, लाइटिंग एवं स्टार लगने लगे हैं। 24 दिसंबर की रात को चर्चो विशेष प्रार्थना होगी। करोल गीत भी युवा घर-घर जाकर गा रहे हैं तथा प्रभु यीशु के जन्म का संदेश दे रहे हैं।प्रभु ईसा मसीह के जन्म दिवस क्रिसमस डे के रूप में 25 दिसंबर को मनाया जाएगा। क्रिसमस डे की तैयारी ईसाई समाज के लोगों द्वारा जोर-जोर से की जा रही है। ईसाई समुदाय द्वारा क्रिसमस पर्व के उपलक्ष में 25 दिसंबर की शाम चर्च आदि में रंगारंग कार्यक्रम में आयोजित किए जाएंगे।

# संकल्प यात्रा का ग्रामीणों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत जस्सूपुरा, ग्राम पंचायत बड़कोला पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचे सभी अतिथियों का ग्राम पंचायत की ओर से स्वागत किया गया। इस मौके पर विकसित भारत संकल्प यात्रा में मौजूद विभागों के अधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं का समाधान किया। वही जो लोग योजनाओं से वंचित रह गए उनके आवेदन भी प्राप्त किए। प्रधानमंत्री आवास, उज्वला आयुष्मान कार्ड योजना व अन्य योजनाओं को विकसित भारत संकल्प यात्रा में जोड़ा गया। इन योजनाओं पर ग्रामीण क्षेत्रों में जनता के बीच जाकर संवाद किया जा रहा। व उनकी समस्याओं का समाधान कर लोगों को लाभ देने का काम भी किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचे अधिकारियों ने लाभान्वित हितग्राहियों से चर्चा की तथा उपस्थित ग्रामीण जनों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने को कहा। इस मौके पर अपर कलेक्टर अर्पीत गुप्ता सिंह, जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, एसडीएम आनंद सिंह राजावत, जनपद पंचायत सीओ अमित व्यास, जनपद सदस्य मानसिंह ठाकुर इलाही, जस्सूपुर पंचायत सरपंच डाक्टर इदरीश खान, बडकोला पंचायत सरपंच मंजू देवड़ा, सरपंच प्रतिनिधी रमेश देवड़ा, रोलागांव सरपंच धर्मेंद्र धनगर, पूर्व सरपंच वीरेंद्र जैन व सभी विभागों के कर्मचारी व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# धार्मिक परंपराओं के साथ खिलवाड़ किया तो करेंगे कार्रवाईः बजरंग दल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सीहोर के जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश सिंह ठाकुर ने क्षेत्र के सभी स्कूलों में यह चेतावनी जारी की है कि अगर किसी बच्चे को जोकर बनाया तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उसके स्कूल के ऊपर कारवाई की जाएगी। जिन लोगों का इस धर्म से नाता है वह लोग इसे बड़े शौक से मनाये हमें इस से कोई परहेज नहीं पर, हम सनातन के ऊपर यह एक और नया त्यौहार नहीं थोप सकते, अगर बच्चों को बनाना है तो राम, कृष्ण बनाओ, हनुमान, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, भगत सिंह बनाओ पर जोकर नहीं । अगर फिर भी कोई यह कृत्य करेगा तो सनातन धर्म को नष्ट करने का उसके ऊपर आरोप सिद्ध हो जाएगा। हमें किसी धर्म से विरोध नहीं पर अगर कोई हमारे सनातन के बच्चों को जोकर बनाएगा तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस बात को विशेष ध्यान रखें। साथ ही सभी मन्दिर कमेटियों, पुजारियों और हिंदू समाज से हाथ जोड़कर प्राथना है क्रिसमिस पर हिंदू देवी देताओ को सैंटा क्लॉज वाले कपड़े पहना कर अपनी संस्कृति और धर्म का अपमान ना करें। नहीं तो मुकद्दमा दर्ज होगा। यह बात जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश ठाकुर ने कहीं।

# अक्षत कलश के आगमन पर मेहतवाड़ा में हुए कार्यक्रम, निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



अयोध्या से आए पूजित अक्षत( पीले चावल) प्रांत से विभाग और विभाग से जिला जिले से तहसील और तहसील से खंड और खंड से अब प्रत्येक गांव तक अयोध्या से आए पूजित अक्षत हर गांव में निमंत्रण के रूप में पहुंच रहे हैं। इसी अभियान में खंड मेहतवाड़ा में एक भव्य आयोजन किया गया।

जिसमें खंड के सभी गांवों को आमंत्रित किया गया। और आसपास के सभी गांव से आए ग्रामीण ढोल धमाके के साथ राम मंदिर में एकत्रित हुए और वहां से पूजित अक्षत को लेकर एक जुलूस निकाला गया जो पूरे नगर में भ्रमण करता हुआ बिलपान चौराहे पर संपन्न हुआ जहां से सभी लोग अपने-अपने गांव की ओर प्रस्थान किया। नगर में अक्षत वितरण आयोजन का आयोजन बड़े ही भव्य रूप में किया गया। श्री राम मंदिर में हवन पूजन के पश्चात गांव के कथावाचक पंडित ओमप्रकाश दुबे का आशीर्वाद स्वरुप प्रवचन हुआ इसके विभाग सहकारवा बाबू सिंह ने अक्षत किस प्रकार हर घर तक पहुंचे यह योजना विस्तार से बताई ।कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर, विश्व हिंदू परिषद के जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश सिंह ठाकुर एवं इस अभियान के संयोजक प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर, प्रखंड मंत्री हरेंद्र ठाकुर, मेहतवाड़ा खंड अध्यक्ष विजेंद्र सिंह इस अभियान के मंडल प्रमुख अर्जुन सिंह एवं सहसंयोजक कुमैर सिंह ठाकुर मेहतवाड़ा, संघ प्रमुख जीवन सिंह, लाखन सिंह, शोभाल सिंह आचार्य, अके सिंह आचार्य ,पंकज जैन और भी गांव के कई लोगो की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जनपद सदस्य अके सिंह ने किया।

### विश्व जैन संगठन के तत्वावधान में सकल जैन समाज ने ज्ञापन सौंपा

# तीर्थ बचाओ-धर्म बचाओ आंदोलन, राष्ट्रपति व पीएम के नाम दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जैन तीर्थ बचाओ- धर्म बचाओ जन आंदोलन में जूनागढ़, गिरनार पर्वत की पांचवी टोंक पर जैन अनुयायियों को दर्शन और पूजा के अधिकार की मांग हेतु दिगंबर जैन समाज द्वारा महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के साथ ही मुख्यमंत्री गुजरात सरकार के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम आनंद सिंह राजावत को सौंपा गया। दिगम्बर जैन पंचायत समिति के अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल ने बताया कि जैन धर्म के 22 वें तीर्थंकर श्री नेमिनाथ भगवान ने गुजरात के जूनागढ़ में सबसे पवित्र गिरनार पर्वत राज की पांचवी टोंक से मोक्ष प्राप्त किया था और श्री कृष्ण भगवान के पुत्र प्रदयुम्न कुमार ने गिरनार पहाड़ी की चौथी टोंक पर व श्री शंभू कुमार ने गिरनार पहाड़ी की तीसरी टोंक और श्री अनिरुद्ध कुमार पुत्र भगवान श्री कृष्ण ने गिरनार पहाड़ी की दूसरी टोंक से मोक्ष प्राप्त किया था। जूनागढ़ की राजकुमारी राजुल ने भी नेमि कुमार तीर्थंकर नेमिनाथ जी द्वारा दीक्षा लेने के बाद गिरनार पर्वत की प्रथम टोंक पर घनघोर तप किया था। गिरनार पर्वत से 72 करोड़ 700 जैन साधुओं के मोक्ष प्राप्त करने का उल्लेख जैन शास्त्रों में है । उक्त बातों को गुजरात सरकार द्वारा वर्ष 1964 में प्रकाशित की गई एक वीडियो से भी पुष्टि होती है।इसी कारण गिरनार पर्वत भी सर्वोच्च जैन तीर्थ सम्मेद शिखरजी के समान पूज्यनीय तीर्थ स्थल है।

उक्त जैन तीर्थ पर अन्य द्वारा जो बातें कही जा रही है वह निराधार है।जैन तीर्थ यात्रियों को गिरनार की टोंक पर जाने से रोकना और उनके साथ अभद्र व्यवहार कर मारपीट करना उचित नहीं है ।इस संबंध में शासन शीघ्र आदेश जारी करें। भारत वर्षीय तीर्थ बचाओ आंदोलन के अंतर्गत आष्टा दिगंबर जैन समाज के संरक्षक दिलीप सेठी,धनरुपमल जैन, अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल, पार्षद कमलेश जैन, नरेन्द्र गंगवाल, पियूष जैन इंजीनियर, संदीप जैन, धीरज जैन, विकास जैन, अरिहंत जैन, रत्नेश जैन, देवेंद्र जैन, निर्मल जैन कोठरी, अखिलेश जैन, अक्षत जैन गब्बर आदि द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री गुजरात के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी आनंदसिंह राजावत को जनपद भवन अलीपुर में सौंपा गया। इस अवसर पर एसडीओपी आकाश अमलकर, नगर निरीक्षक पुष्पेंद्रसिंह राठौर, नायब तहसीलदार मुकेश सांवले सहित अन्य उपस्थित थे।

# अनदेखी के चलते अस्पताल की हालत हो रही जर्जर



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सिविल अस्पताल कहने को तो करोड़ों रुपया की लागत से बन चुका है, लेकिन यहां पर सुविधा जिम्मेदार स्वास्थ्य अधिकारियों की लापरवाही के कारण शासन की मंशा के अनुरूप मरीजों को नहीं मिल पा रही है। एक तरफ जहां स्टाफ की कमी है, वहीं दूसरी और बीएमओ डॉ सुरेश माहोर की लापरवाही के कारण छोटी-मोटी समस्याओं का निदान भी नहीं हो पा रहा है। सिविल अस्पताल में चिकित्सकों के चैंबरों के समीप बने हुए बाथरूम की स्थिति यह है कि उसमें पाइप लंबे अर्से से गायब है। लेकिन नाम मात्र की राशि से आने वाले पाइप लगवाने पर जिम्मेदार का कोई ध्यान नहीं है। सिविल अस्पताल में बाथरूम अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि बोले नहीं चलेगी मनमानी

नार्मल महिला को कर दिया भोपाल रेफर, निजी अस्पताल में हुई नार्मल डिलेवरी

# डॉ जैन करने लगे मनमानी नार्मल प्रसूता को किया रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



शहर का सिविल अस्पताल आए दिन अपनी अर्थव्यवस्थाओं को लेकर सुर्खियों में बना रहता है। रोजाना सिविल अस्पताल में मरीज को असुविधाओं को सामना भी करना पड़ रहा है। लेकिन अस्पताल की व्यवस्था सुधारने का नाम नहीं ले रही है। सिविल अस्पताल में स्टाफ की मनमानी लगातार चल रही है। अस्पताल में पहली अव्यवस्थाओं की शिकायत मिलने पर सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर से चर्चा की चर्चा के दौरान नार्मल डिलेवरी को रेफर करने पर कुशवाह ने अपने कड़े शब्दों में आरके जैन को फटकार लगाते हुए कहा कि तुम्हारी मनमानी की लगातार शिकायत मिल रही है। नॉर्मल डिलीवरी को गंभीर बताकर रेफर कर देते हो और वो दूसरे अस्पतालों में नॉर्मल तरीके से प्रसव हो जाता है। इस तरह को मनमानी को बंद करें नहीं तो अपना इस्तीफा दें।

### संसाधन की कमी हो तो बताएं

कुशवाह को एक नॉर्मल डिलेवरी को रेफर करने की शिकायत मिली थी। उसी को लेकर उन्होंने अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों को हिदायत दी और कहा आगे से इस तरह की शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई करवाई जाएगी। इस बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे। कोई संसाधन की कमी हो तो हमें बताएं। बतादें की सिविल अस्पताल में स्टॉफ द्वारा अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ अभद्रता की जाती है। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कलेक्टर और सीएमएचओ से पत्र लिखकर शिकायत कर करवाई करने की बात कही।

### गाइडलाइंस के अनुसार रेफर किया जाता है

इस मामले में महिला का बीपी बढ़ा हुआ था। फिर भी हमने चिकित्सकों को हिदायत दी है कि यहां डिलेवरी के हर संभव प्रयास किए जाएं। संबंधित चिकित्सक से भी इस बारे में जानकारी मांगी है। गाइडलाइंस के अनुसार रेफर किया जाता है।

**डॉ. सोरिन दत्ता, प्रभारी सिविल अस्पताल ब्यावरा**

**आवेदन देने जाऊंगा...**

आज जाकर कलेक्टर एवं सीएमएचओ को कल शिकायत आवेदन देने जाऊंगा।

**पवन कुशवाह, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि**

नाबालिग को जबर्दस्ती उठा ले गया था आरोपी

# स्कूल में हुआ था दुष्कर्म आरोपी को 15 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



साल 2021 में स्कूल के टॉयलेट में ले जाकर एक नाबालिग से दुष्कर्म किया गया था। इस मामले में अब तमाम सबूतों एवं साक्ष्यों पर न्यायालय ने आरोपी को 15 साल 6 महीने के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वहीं आरोपी पर अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया है। जिला लोक अभियोजन अधिकारी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि 9 अगस्त 2021 को रात्रि करीब 11 बजे 16 वर्षीय किशोरी अपने घर के बाहर बने बाथरूम में टॉयलेट के लिए गई हुई थी। उसी समय आरोपी उम्र 28 साल निवासी संकट मोचन कॉलोनी नाबालिग को जबर्दस्ती हाथ पकड़कर समीप के एक स्कूल के बाथरूम में ले गया और उसके साथ दुराचार करके बाथरूम में ही बंद करके भाग गया। सुबह जब परिजन बालिका को खोजते हुए स्कूल पहुंचे तो वहां बाथरूम में पीड़िता मिली। पीड़िता ने अपने साथ हुई पूरी घटना परिजनों को बतलाई।

इस मामले में राजगढ़ कोतवाली में आरोपी पर धारा 363, 366, 376, 506, 342 भादंवि एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से 10 लोगों ने गवाही दी। विचारण उपरान्त विषेष न्यायाधीष पॉक्सो एक्ट अब्दुल कदीर मंसूरी ने आरोपी को दोषी पाते हुए सभी धाराओं में कुल मिलाकर 15 साल 6 महीने की सजा सुनाई है। वहीं, मप्र पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत पीड़िता को 1 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति दिए जाने के आदेश भी दिए गए हैं।

शिकायत के बाद जिलाधीश ने किया जांच दल गठित

# अपात्र हितग्राही को दिया नगर परिषद ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर




नगर परिषद द्वारा राजनीतिक संरक्षण के चलते अपात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाना और पात्र व्यक्ति पीएम आवास योजना का लाभ पाने के लिए दफ्तर-दफ्तर चक्कर लगाना ऐसी खबरें समाचार पत्रों में पढ़ने को मिल ही जाती हैं। ऐसा ही एक मामला नगर के वार्ड क्रमांक -10 का सामने आया था, जिसमें वास्तविक जानकारी को छिपाकर हितग्राही मनीषा पति राकेश जायसवाल, रतन लाल पिता नारायण जायसवाल, रामकुमार पति उमेश जायसवाल, पुष्पा बाई पिता रतनलाल जायसवाल ने वास्तविक जानकारी को छुपाकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लिया था। प्रथम किस्त ही हितग्राहियों के खाते में डल पाई थी कि तभी वार्ड 14 के पवन जायसवाल ने आपत्ती लेते हुए शिकायत की थी कि वार्ड क्रमांक 10 के उक्त चारों हितग्राहियों को नगर परिषद द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया है जो गलत है, तभी से जांच जारी है।

पहले भी एक दो बार विभागीय जांच हुई थी, लेकिन अभी तक ठोस कार्यवाही नहीं हुई। शिकायतकर्ता ने वरिष्ठ कार्यालयों में भी इस मामले को लेकर शिकायत की थी, जिस पर जिला कलेक्टर ने एसडीएम अंकिता जैन खिलचीपुर की अध्यक्षता में इकरार अहमद मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद सुठालिया, जितेंद्र विजयवर्गीय उपयंत्री नगर परिषद राजगढ़, दुर्गेश राठौर राजस्व निरीक्षक भू अभिलेख कार्यालय राजगढ़ शामिल है।

डीजे संचालकों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# निर्धारित मापदंडों के अनुसार डीजे संचालित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



बुधवार को डीजे संचालकों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। क्षेत्र में निर्धारित मापदंड के अनुसार डीजे के संचालन की अनुमति देने की मांग की। दरअसल, राज्य सरकार के आदेश के बाद धार्मिक और अन्य स्थानों पर निर्धारित मापदंड अनुसार ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग को लेकर कलेक्टर ने निर्देश दिए थे। जिसमें डीजे की विधिवत अनुमति लेकर निर्धारित मापदंड का पालन करने के निर्देश दिए थे।

जिसको लेकर डीजे संचालकों ने बुधवार मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि शासन ने डीजे संचालन के लिए जो नियम बनाए है, उसके कारण हमारी रोजी-रोटी पर असर पड़ रहा है। हम बैंक से लोन लेकर डीजे का व्यापार कर रहे है। ऐसे में यदि शासन ने सख्ती की, तो हम बैंक का लोन नहीं भर पाएंगे। इससे परिवार की रोजी-रोटी पर भी संकट आ जाएगा। इसलिए मुख्यमंत्री से ज्ञापन के माध्यम से डीजे बजाने की अनुमति देने की मांग की। इस दौरान क्षेत्र के सभी डीजे संचालक मौजूद रहे।

आजाद अध्यापक संगठन ने किया सम्मानित

# उज्जैन में आयोजित कबड्डी व रेस स्पर्धा में पाए गोल्ड मेडल



**राजगढ़।** राज्य स्तरीय मास्टरगेम प्रतियोगिता का आयोजन गत दिवस महानंदा एरिना ग्राउण्ड उज्जैन में किया गया। इस प्रतियोगिता में आगर जिले के तुलसीराम प्रजापति उम्र 62 वर्ष ने 200 एवं 100 मीटर रेस में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, तुलसीराम के पुत्र आजाद अध्यापक संघ के संभागीय उपाध्यक्ष विजय प्रजापति ने कबड़्डी स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल पाया। इसके साथ ही उन्होंने 200 मीटर स्प्रिंट रेस में प्रथम स्थान एवं 400 मीटर रेस में दूसरा स्थान प्राप्त किया। राजगढ़ पहुंचने इष्टमित्रों, परिजनों व खेलप्रमियों द्वारा विजय प्रजापति का भावभीना स्वागत करते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भगवान सिंह गुर्जर, संघ जिलाध्यक्ष रमेश मालवीय, दौलत वर्मा, राधे जाटव, गोविंद पिपलोटिया, अनिल पिपलोटिया, शमीम अहमद, लक्ष्मीनारायण भिलाला, जगदीष भलवाला, जगदीष वर्मा, राजेंद्र वर्मा, रामगोपाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### विधायक चंद्रवंशी की दादी के निधन पर शोक सभा आयोजित




**कालापीपल।** विधानसभा के विधायक घनश्याम चंद्रवंशी की दादी मां की आकस्मिक मृत्यु पर शोकसभा का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 दिसंबर को उनकी दादी भागवंती देवी चंद्रवंशी का निधन सलकनपुर में हो गया था। इस हेतु विधानसभा वासियों की सुलभता को देखते हुए कालापीपल स्थित प्रताप गार्डन में एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें संपूर्ण विधानसभा वासी और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर मृत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की।



### रामलला के दर्शन करने पैदल अयोध्या जा रहे यात्री का किया स्वागत

**राजगढ़।** गुजरात के अहमदाबाद निवासी विश्व हिन्दू परिषद कार्यकर्ता भव्य पटेल पैदल ही अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन के लिए जा रहे हैं। अपने हाथ में हनुमानजी का ध्वज लेकर अयोध्या जा रहे इस भक्त के बारे में जब स्थानीय लोगों एवं विहिप सदस्यों को मालूम हुआ हुआ स्वागत, सत्कार करते हुए केके मेमोरियल स्कूल में रात्रि विश्राम की व्यवस्था करवाई गई। यात्री भव्य पटेल ने बताया कि वे रोजाना 30 से 40 किमी का सफल पैदल तय करते हैं। स्कूल के बच्चों ने जब भव्य से पूछा कि आप अयोध्या में इतने अधिक किमी का सफल पैदल कैसे तय करेंगे। इस पर उनका कहना था कि प्रभु श्रीराम ही शक्ति प्रदान कर रहे हैं और आगे भी करेंगे। इस अवसर पर विहिप जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय, उपाध्यक्ष सुजान गुर्जर, जिला मंत्री आशीष मेवाड़े, सागर मेवाड़े, संतोष राणा सहित स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

पिछले दिनों जीरापुर में सामने आया है धर्मांतरण का मामला

# जिले में चल रहे धर्मांतरण रैकेट की जांच के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



एक हफ्ते पहले जीरापुर नगर में एक हिन्दू महिला के जबरन धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया था। महिला का पति स्वयं धर्मपरिवर्तन के लिए दबाव बना रहा था। पुलिस ने इस मामले में पति पर तो मामला दर्ज कर लिया है लेकिन धर्म परिवर्तन के लिए उकसान वाले व्यक्ति पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में संबंधित षणयंत्रकारी पर कार्रवाई की मांग को लेकर विष्व हिन्दू परिषद एवं हिन्दू समाज संगठन के प्रतिनिधियों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की।

इस दौरान जिले में चल रहे धर्म परिवर्तन रैकेट की जांच एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का ज्ञापन एसपी मीणा को सौंपा गया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय, उपाध्यक्ष सुजान गुर्जर, हिंदू चेतना मंच अध्यक्ष बृजमोहन सरावत, आशीष मेवाड़े, बृजकिशोर, लक्ष्मीनारायण तंवर, सागर मेवाड़े, रमेश कारपेंटर, संतोष राणा सहित अन्य उपस्थित थे।

## रजक समाज में मनाई समाज के पितृ पुरुष संत गाडगे की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्थानीय रजक समाज द्वारा समाज के आराध्य संत गाडगे महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई। संत गाडगे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वरिष्ठ समाज सेवी बाबुलाल रजक ने कहा कि संत गाडगे बाबा भारत मे स्वच्छता के जनक उन्होंने देश को स्वच्छ बनाने के लिए अनेकों कार्य किए। संत गाडगे बाबा ने भूखे को अन्न दो प्यासे को पानी पिलाओ वस्त्रहीन लोगों को वस्त्र दो गरीबों के बच्चों को शिक्षा में मदद करो हर गरीब शिक्षित बने जिससे देश समृद्ध व शक्तिशाली बने। साथ ही कहा कि स्वच्छता के जनक कोई गाँधी मोदी नही बल्कि बहुजन समाज उद्धारक संत गाडगे ही थे। इस दौरान लक्ष्मी नारायण बाबूलाल, मूलचंद कमल राधेश्याम देवनारायण संदीप विकास मकवाना सहित अन्य समाज जन उपस्थित थे।

# श्रीराम के जयकारों के साथ निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर




नगर में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला के भव्य एवं दिव्य प्राण-प्रतिष्ठा वा मंदिर उद्घाटन जो की जनवरी को होना है उसके आमंत्रण के लिए पूजित अक्षत कलश यात्रा बुधवार को विश्वहिंदू परिषद के तत्वधान में चाठा कुंडी बालाजी मंदिर पहुंची जहा पर पंडितजी द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार से कलश की पूजा अर्चना कर आरती की। इस अवसर पर संत त्यागी महाराज, वल्लभ दासजी महाराज भिंड वाले, सुश्री आकांक्षा दुबे प्रांतीय सदस्य,खंड संघचालक जगदीश राठौर, विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष सुजान गुर्जर,बजरंग दल जिला संयोजक सोनू शर्मा, जिला मंत्री आशीष मेवाडा तथा संघ व विश्वहिंदू परिषद् बजरंगदल के खंड प्रखंड के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता के रूप में राष्टीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कृषक कार्य प्रमुख हरिसिंह राठौर ने श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या के इतिहास और हिंदू समाज के संघर्ष के बारे में अपने वक्तव्य में बताया तत्पश्चात मंदिर से भव्य कलश की शोभा यात्रा ढोल डिजे और आतिशबाजी चलाते हुऐ प्रारंभ हुई। यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से निकली गई जहा पर राम भक्तो ने पूजा अर्चना की साथ ही यात्रा जिस मार्ग से गुजरी वहा लोगो ने पुष्पवर्षा की यात्रा में भक्त जय जय श्रीराम के गगन भेदी नारे लगाते चल रहे थे। यात्रा नगर भ्रमण कर पुनः बालाजी मंदिर पहुंची जहा से अक्षत कलश ग्रामीण क्षेत्रों के लिऐ भेजे गए। उक्त यात्रा के माध्यम से अयोध्या में नूतन मंदिर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम उद्घाटन में राम भक्तो को आमंत्रण देना है। कार्यक्रम में आए हिंदू समाज, कार्यकर्ता, मातृशक्ति का आभार विश्वहिंदू परिषद् के प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह गुर्जर ने व्यक्त किया।

# रघुवंशी युवा संघ करेगा प्रतिभाओं का सम्मान

**अशोकनगर।** प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी रघुवंशी युवा संघ अशोकनगर द्वारा समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह का कार्यक्रम किया जा रहा है इसके लिए दिनांक 25 दिसंबर को स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। युवा संघ का मुख्य उद्देश्य इस कार्यक्रम के माध्यम से सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता कराता है। इस कार्यक्रम में ऐसे छात्र-छात्राओं जिन्होंने कक्षा दसवीं या 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80: अंक या से अधिक प्राप्त किए हो खेलकूद अथवा अन्य गतिविधियों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की हो या किसी शासकीय सेवा में चयनित हुए हो उन्हें सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं को अपने दस्तावेज व फॉर्म जमा करने की हेतु स्थान सुनिश्चित किया गया है ऐसे एवं ऑनलाइन नंबर जारी किए गए हैं जिसका सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। गौरतलब है कि रघुवंशी युवा संघ द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन विगत 9 वर्षों से किया जा रहा है और इस वर्ष दसवां कार्यक्रम संपन्न होने जा रहा है रघुवंशी समाज के इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि ग्रामीण क्षेत्र में रघुवंशी समाज की साक्षरता दर अधिक है एवं बोर्ड परीक्षाओं में प्रतियोगी परीक्षार्थियों, शासकीय सेवा में चयन परीक्षा में न सिर्फ रघुवंशी समाज के बेटे बल्कि बेटियां भी बढ़कर हिस्सा ले रही है। प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि जगन्नाथ सिंह रघुवंशी विधायक चंदेरी, विशिष्ट अतिथि मदन सिंह रघुवंशी एसडीम, देवेंद्र सिंह रघुवंशी मैनेजर एसबीआई उपस्थित होंगे। रघुवंशी युवा संघ जिला अध्यक्ष विनोद रघुवंशी एवं समस्त टीम ने अधिक से अधिक समाज जनों को उपस्थित होने की अपील की है।